भाद्रपद कृष्ण पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 112 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

06 अक्टूबर 2023 शुक्रवार

आज का मौसम

33 अधिकतम

20 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## सरकार की हिचक से गैमन में लोगों के करोड़ों रुपए फंसे



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में गैमन आवासीय व व्यवसायिक प्रोजेक्ट को हाथ लगाने से सरकार डर रही है, यह प्रोजेक्ट न्यूमार्केट के समीप की अच्छी-खासी आबाद बस्ती को उजाड़कर बनाया तो गया लेकिन बीते पंद्रह साल से वह पूरा नहीं हो पाया है तथा इसमें सैंक्ड़ों लोगों के करोड़ों रूपये फंस गये हैं। इस मामले के विवाद में फंस जाने के बाद तथा खरीदारों के दबाव के चलते सरकार ने मंत्री समिति बनाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की थी लेकिन समिति की रिपोर्ट अब तक कैबिनेट में नहीं लाई गई है। अब चुनाव आचार संहिता लागू होने के संभावना करीब आ चुकी है और माना जाने लगा है कि यह प्रोजेक्ट अब नई सरकार के फैसले पर निर्भर करेगा। हालांकि इसे पूरा करने के लिये नई कंपनी बरबेरी का प्रस्ताव भी है जो पिछला ढाई सौ करोड एक्सिस बैंक को एकमुश्त चुकाने को तैयार भी है। बताया जाता है कि नये डेवलपर के आफर पर समिति ने तीन अनुशंसा की हैं, इनमें पेनाल्टी माफ करने, जब्त गारंटी वापसी तथा नई कंपनी को काम की अनुमति देने की है।

कुल मिलाकर यह पूरा प्रोजेक्ट अधर में झूल गया है, एक तरफ सरकार की हिचक व कानूनी बाधा हैं तो दूसरी तरफ खरीदारों का बढता दबाव है। हालांकि हंगामा बढने के डर से कुछ समय पहले करीब दर्जनभर फ्लैटों का पजेशन दे दिया गया था। खास बात यह है कि पूरा प्रोजेक्ट 08 में 330 करोड़ की लागत का था, अब यह भी बढ चुकी है और करीब 400 दुकान व मकान खरीदारों का इंताजार भी।

### इस बार भी ईएमआई नहीं होगी कम, मौद्रिक समीक्षा के बाद आरबीआई का ऐलान

# फेस्टिव सीजन में टूटी आस, रेपो रेट में कटौती नहीं करने का फैसला


**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समीक्षा का आज ऐलान कर दिया। इस बार भी केंद्रीय बैंक ने लोन लेने वाले ग्राहकों को राहत दी है। हालांकि, इस फेस्टिव सीजन में लोगों ने रेपो रेट में कटौती की जो आस लगाई थी वो जरूर टूट गई है। देश में महंगाई दर आरबीआी के तय दायरे से ऊपर होने के बावजूद नीतिगत दरों यानी रेपा रोट यथावत रखने का फैसला किया गया है। मतलब लोन की ईएमआई में बदलाव नहीं होगा। यह लगातार चौथी बार है जबकि रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला किया गया है।

रेपो रेट फिलहाल, 6.50 फीसदी है और एक्सपर्ट पहले से इसके स्थिर रहने की उम्मीद जता रहे थे। बीते साल केंद्रीय बैंक ने चरम पर पहुंची महंगाई दर को काबू में करने के लिए एक के बाद कई बार इस दर में बढ़ोतरी की थी। मई 22 में रेपो रेट 4 फीसदी पर था, जो फरवरी 2023 आते-आते 6.50 फीसदी पर पहुंच गया। बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि दुनिया में चुनौतियों के बावजूद भारत ग्रोथ इंजन बना हुआ है। देश में महंगाई दर की आरबीआई के तय दायरे से बाहर बनी हुई है। गौरतलब है कि जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर 7.44 फीसदी के स्तर पर थी, जो कि अगस्त महीने में घटकर 6.83 फीसदी पर आ गई थी। जबकि केंद्रीय बैंक ने देश में महंगाई दर को 2 से 6 फीसदी के दायरे में रखने का लक्ष्य तय किया है।.



### छह में से 5 सदस्य फैसले के पक्ष में



*समीक्षा बैठक तीन दिन चली है। इसके नतीजों का ऐलान करते हुए दास ने कहा कि आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। समिति के छह में से पांच सदस्य इसे स्थिर रखने के फैसले के पक्ष में थे। रेपो रेट के अलावा एमएसएफ रेट 6.75 फीसदी पर और एसडीएफ रेट 6.25 फीसदी पर बरकरार है। दास ने कहा कि आरबीआई महंगाई को लक्ष्य के भीतर रखने को प्रतिबद्ध है। अभी जीडीपी ग्रोथ के अनुमान में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है यह दूसरी तिमाही के लिए 6.5 फीसदी रखा गया है। तीसरी तिमाही के लिए यह 6 फीसदी और चौथी तिमाही के लिए इसे 5.7 फीसदी पर बरकरार रखा गया।*

### महंगाई में टमाटर का भी हाथ

रिजर्व बैंक गवर्नर दास ने महंगाई के तय दायरे के ऊपर होने पर कहा कि वैश्विक आउटलुक महंगाई दरों पर असर डालने वाला रहा है। इसके अलावा जुलाई में टमाटर समेत अन्य सब्जियों की बढ़ी कीमतों का प्रभाव भी महंगाई दर पर देखने को मिला है। उन्होंने वित्त वर्ष 24 में महंगाई दर 5.4 फीसदी रहने का अनुमान जाहिर किया। जबकि 2024 की दूसरी तिमाही में रिटेल महंगाई 6.2 फीसदी से बढ़कर 6.4 फीसदी रहने तथा तीसरी तिमाही में ये 5.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.2 फीसदी पर रह सकती है। उल्लेखनीय है कि रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को कर्ज देता है। इसलिए जब रेपो रेट में इजाफा होता है, तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है जिससे आम लोगों को मिलने वाला लोन भी महंगा हो जाता है। जबकि रिवर्स रेपो रेट वो दर होती है, जिसके अनुसार रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को डिपॉजिट पर ब्याज देता है।

**बदलते वित्तीय परिदृश्य में कई जोखिम - दास :** आरबीआई गवर्नर ने बैंकों और एनबीएफसी को अपना सर्विलांस सिस्टम मजबूत करने की सलाह दी है। उन्होंने बैंको से कहा है कि वे अपने अतिरिक्त फंड का इस्तेमाल कर्ज देने में करें।शहरी सहकारी बैंकों के लिए गोल्ड लोन की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर चार लाख रुपये करने का ऐलान भी उन्होंने किया। दास ने कहा कि आरबीआई वैश्विक स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और संभावित जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की जानकारी

## अब कांट्रेक्ट नौकरियों में भी मिलेगा आरक्षण



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अब सरकारी महकमों की कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरियों में भी आरक्षण दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी पेश की है। केंद्र ने कहा है कि सरकारी विभागों में 45 दिन या उससे अधिक की अस्थायी नियुक्तियों में SC/ST/OBC आरक्षण दिया जाएगा। सभी मंत्रालयों और विभागों को अस्थायी पदों पर इस आरक्षण को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

दरअसल, अस्थायी नौकरियों में एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल की गई थी। इसके जवाब में केंद्र सरकार ने कोर्ट में यह जानकारी दी। सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में नियुक्तियों के संबंध में 45 दिन या उससे अधिक की अस्थायी नियुक्तियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण होगा। हालांकि, अस्थायी नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था 1968 से लागू है। याचिका में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट का हवाला दिया गया था, जिसमें पाया गया कि सभी विभागों द्वारा अस्थायी नौकरियों में आरक्षण के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

## सस्ते सिलेंडर के 219 करोड़ महिलाओं के खाते में पहुंचे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के पहले आज मुखयमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं को एक और सौगात दी। राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना और लाड़ली बहना योजना की महिला गैस उपभोक्ताओं के



बैंक खातों में अनुदान राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। साढ़े चार सौ रुपये में गैस रिफिल योजना के तहत कुल 219 करोड़ अनुदान राशि का अंतरण किया गया। प्रदेशभर में 36 लाख 62 महिला हितग्राहियों के खाते में गैस अनुदान की राशि पहुंचाई गई। आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्वालियर में अटल स्मारक, मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक, अमरकंटक में मां नर्मदा महालोक और बड़वानी में नागलवाड़ी लोक का भूमिपूजन भी हो रहा है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों के विकास के 616 करोड़ 99 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा।

## मुंबई में इमारत में आग से सात मौतें, दर्जनों घायल



**मुबंई , एजेंसी।**

महाराष्ट्र के गोरोगांव में एक सोसाइटी की इमारत में आज तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत की खबर है, वहीं 51 लोग घायल हैं। इनमें से पांच लोगों की हालत नाजुक है। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमसी के मुताबिक आग जय भवानी भवन में तड़के तीन बजे लगी। सात मंजिला यह इमारत गोरेगांव पश्चिम के आजाद नगर इलाके में स्थित है। इस आग में 46 लोग लोग बुरी तरह घायल हुए, जिनमें सात की जान चली गई। वहीं 39 लोगों का कूप और एचबीटी अस्पताल में इलाज जारी है। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि दो बच्चों और दो महिलाओं सहित छह लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है।

## 12 आईपीएस बदले, मैहर, पांढुर्णा में नए एसपी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आचर संहिता से पहले मप्र सरकार ने सुधीर कुमार अग्रवाल को नवगठित मैहर और राजेश कुमार त्रिपाठी को पांढुर्णा को पहला पुलिस अधीक्षक बनाया है। इसके साथ ही खंडवा पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार शुक्ला के स्थान पर वीरेन्द्र कुमार सिंह और आगर मालवा के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की जगह विनोद कुमार सिंह को अधीक्षक बनाया है। सरकार ने विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले शुक्रवार को 12 आइपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राहुल कुमार लोधा को सेनानी 24वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल जावरा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं एएसपी आरके हिंगनकर को इंदौर से डीआईजी ग्रामीण इंदौर, पीएचक्यू भोपाल से कुमार सौरभ को डीआईजी चंबल, सुनील जैन भोपाल से डीआईजी सागर, सविता सोहाने भोपाल से डीआईजी शहडोल, मनोज श्रीवास्तव भोपाल से एएसपी इंदौर पदस्थ किए गए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### पांच दिन का वक्त, आमना-सामना कराने की तैयारी में जांच एजेंसी

# ईडी ने शिकंजा कसा, अब संजय के दो करीबियों को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह के करीबियों को समन जारी कर अपनी घेराबंदी तेज कर दी है। संजय सिंह को कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर भेजा है। ऐसे में ईडी को इस मामले में इसी अवधि में सबूत जुटाने हैं। इसलिए संजय सिंह के करीबी सर्वेश मिश्रा और विवेक त्यागी को तलब किया गया है। ताकी आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सके। खबरों के मुताबिक, संजय सिंह ने सर्वेश को एक करोड़ रुपये दिए थे।

ज्ञात हो कि कल लंबी बहस के बाद कोर्ट ने गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया था। हालांकि मामले में ईडी ने 10 दिन के हिरासत की मांग रहा था। मगर अदालत ने सुनवाई के दौरान ही ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए। राउज एवन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया था। ईडी का दावा था कि वह मामले में पूरी तरह से लिप्त हैं। ईडी के वकील ने कहा कि संजय के घर से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। गवाहों और अन्य आरोपियों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने के लिए रिमांड स्वीकार किया जाए। अदालत ने ईडी से सवाल किया कि मामला काफी पुराना है और यदि आपके पास साक्ष्य थे तो गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों हुई।



### अदालत ने ईडी से पूछे कई सवाल व सबब

अदालत ने ईडी से सवाल पूछा था कि क्या आपने फोन कब्जे में ले लिया? जब ईडी के वकील के हां में जवाब दिया तो अदालत ने कहा जब फोन आपके पास है तो फिर इसमें आरोपी के साथ इसका आमना-सामना कराने की क्या जरूरत बचती है? आप डेटा वैसे भी निकाल सकते हैं। सबूत है तो गिरफ्तारी में देरी क्यों। ईडी के वकील ने कहा कि गवाहों के बयानों के आधार पर गिरफ्तारी हुई है। गवाहों के बयान अभी हुए है वे सरकारी गवाह बने हैं। गवाह दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह के करीबी हैं। ईडी ने मामले में 239 स्थानों पर छापा मारा है। आरोप है कि संजय के घर दो बार में दो करोड़ का लेनदेन हुआ। संजय के कर्मचारी सर्वेश ने पैसे लिए है। संजय सिंह के फोन से डेटा मिला है।

## देवरिया घटना से योगी सरकार ने लिया सबक, 15 अफसरों पर गाज

**लखनऊ, एजेंसी।**

उप्र के देवरिया में कत्लेआम को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मियों और पुलिसकर्मियों सहित 15 अधिकारियों पर गाज गिरी है। इसमें वो अधिकारी भी शामिल हैं जो रिटायर हो चुके हैं।



अब योगी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि जमीनी विवाद पर किसी तरह की घटना हुई तो संबंधित जिले और तहसील के अफसर नपेंगे। दरअसल 2 अक्टूबर को जमीनी विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद्र यादव की हत्या हुई थी। इस हत्या का बदला लेने के लिए प्रेमचंद्र पक्ष के दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने सत्य प्रकाश दुबे के घर हमला कर दुबे सहित परिवार के कुल 5 लोगों को मौत के घाट उतार दिया इस 6 हत्याओं से पूरा प्रदेश दहल उठा था।

# राजधानी का रियल स्टेट मार्केट ठिठका

## बरसों से फंसा हुआ है मास्टर प्लान अब आचार संहिता का खुटका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के मास्टर प्लान को लेकर बरसों से चली आ रही अनिश्चित ताजा दावे आपत्तियों के दौर के बाद भी दूर नहीं हो सकी है। इसका नतीजा यह है कि शहर का रियल एस्टेट मार्केट ठहरा हुआ सा है ।

उल्लेखनीय है कि नए मास्टर प्लान के नये संसोधनों पर आपत्ति-सुनवाई का वक्त निकले तीन हफ़्ते से अधिक समय निकल गया है परन्तु विकास योजना के लागू होने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारी संख्या में प्राप्त आपत्तियाँ विकास योजना के प्रति असंतोष जता रही हैं। मसलन

बेस एफएआर को अत्याधिक कम किया जाना, बढ़ी हुई गाइडलाइन के कारण प्रीमियम एफएआर की ख़रीदी में असमर्थता ने निवेशकों को दुविधा में डाल दिया है।



### पॉश कॉलोनी की कीमत घटी!

शहरी विकास के शोधार्थी मनोज मीक के मुताबिक अरेरा कॉलोनी में भवन निर्माण के नये नियमों और स्वीकार गतिविधियों के संसोधनों के चलते इन कॉलोनियों की पूछ-परख कम हुई है। एडीआर और कैचमेंट क्षेत्रों में भी नाराज़गी बरकरार है। नये प्रावधानों की अनिश्चितता का विपरीत प्रभाव साफ़ दिखाई देने लगा है इन सभी क्षेत्रों में जून से पहले हुए सौदे रुक गये हैं, क़ीमतें कम हुई हैं या ठहर गयी हैं, नयी डील नहीं हो पा रही हैं।

### डेवलपर भी सांसत में

फिल्म वक्त आलम यह है कि डेवलपर्स नये प्रोजेक्ट प्लान नहीं कर पा रहे है, नये संसोधनों से बढ़ने वाली लागत का वर्तमान प्रोजेक्ट्स की क़ीमतों पर कॉफी दबाव दिखने लगा है। ताज़ा राजनीतिक घटनाक्रम के कारण नई सरकार, नये मुख्यमंत्री और आगामी नयी विकास नीतियों को लेकर रियल स्टेट मार्केट संवेदनशील हो गया है ऐसे में राजधानी भोपाल के धीमे विकास के और धीमा होने की संभावनायें बढ़ती जा रही हैं।

## एनजीटी ने मुख्य सचिव व निगम पर लगाया था जुर्माना

# जुर्माना माफ, लेकिन अतिक्रमण हटा न प्रदूषण का स्तर कम हुआ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यावरण संरक्षण से जुड़े दो मामलों में लगाया गया जुर्माना माफ कर दिया गया है लेकिन जिस मकसद के लिए जुर्माना लगाया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से पर्यावरण संरक्षण खतरे में है।

पहला जुर्माना कलियासोत व केरवा डैम के कैचमेंट क्षेत्र से अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के मामले में एनजीटी ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस पर लगाया था। जिसे बाद में एनजीटी ने ही माफ कर दिया है। यह घटनाक्रम पिछले महीने का है। हालांकि जुर्माना माफ किए जाने के मामले को याचिकाकर्ता ने एमओईएफ और एनजीटी के चेयरमैन के पास चुनौती दी है।

दूसरे मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आदमपुर छावनी में ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन का ठीक से पालन नहीं किए जाने के मामले में एनजीटी को रिपोर्ट सौंपी थी। इस आधार पर एनजीटी ने निगम पर 1.80 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इस मामले में निगम सुप्रीम कोर्ट चला गया था, जहां से उक्त जुर्माना माफ कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि कलियासोत व केरवा डैम के कैचमेंट में अतिक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसको लेकर पर्यावरणविद् सुभाष सी पांडे ने एनजीटी में याचिका लगाई थी और अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस मामले में बीते कुछ वर्षों से सुनवाई जारी है। इस मामले में ठोस कार्यवाही नहीं होने से नाराज एनजीटी ने जुर्माना लगाया था। साथ ही ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

बाद में सरकार की ओर से एनजीटी में एक रिपोर्ट पेश की और उसमें कार्यवाही करने का भरोसा दिया। साथ ही जुर्माना माफ करने की पैरवी भी की थी, जिस पर एनजीटी ने जुर्माना माफ कर दिया था। हालांकि कैचमेंट क्षेत्र से अब तक नियमानुसार अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है।

वहीं आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट में बार-बार आग लगने और ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन नियम 2016 का पालन नहीं करने से भू-जल और हवा प्रदूषित हो रही है। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जांच करने के बाद रिपोर्ट एनजीटी को सौंपी थी। जिसके बाद एनजीटी ने नगर निगम पर 1.80 करो? रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का दावा ठोंका था। इस मामले में जुर्माना माफ करने के लिए नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम पर एनजीटी द्वारा लगाई गई 1.80 करोड़ रुपये की पेनाल्टी माफ कर दी है।



कलियासोत–केरवा डैम के कैचमेंट में अतिक्रमण व आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट में नियमों का पालन नहीं होने पर लगाया था

## महालक्ष्मी व्रत रखकर महिलाओं ने की पूजा





**भोपाल।** महालक्ष्मी व्रत का शुभारंभ 22 सितंबर से शुरू हुआ था। यह व्रत 6 अक्टूबर तक महिलाओं ने रखा। शुक्रवार को महिलाओं ने कई मंदिरों में जाकर विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं शीतलदास की बगिया के मंदिर में मंहिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

## स्वच्छता के लिए सड़कों पर उतरे विद्यार्थी




**हिरदाराम नगर।** एटी शाहनी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। चंचल चौराहा के आसपास साफ- सफाई की। अभियान में नवयुवक सभा के महासचिव राजेश हिंगोरनी एमआईसी सदस्य नगर निगम के कर्मचारीगण, विद्यालय के विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट्स सम्मिलित हुए। स्वच्छ भारत, स्वच्छता रखने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## साहित्य सभा का वार्षिक समारोह 29 अक्टूबर को

**भोपाल ।** सात विभूतियां को इस माह भोपाल में हो रहे कार्यक्रम में सिंधी साहित्य, रंगमंच संगीत ,चित्रकला, पत्रकारिता क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए सात पुरस्कार और एक विभूति को अमूल्य योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाएंगे। जो आठ विभूतियां सम्मानित होंगी उनके चयन की प्रक्रिया अंतिम तौर में है।

अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा ,नई दिल्ली का वार्षिक पुरस्कार समारोह करीब 20 वर्ष बाद भोपाल में होने जा रहा है। यह समारोह 29 अक्टूबर को सिंधु भवन शिवाजी नगर,मूलचंद मनवानी मार्ग में होगा। सिंधु भवन ट्रस्ट ,भोपाल के सहयोग से यह कार्यक्रम हो रहा है। सिंधी भाषा और कला एवं साहित्य के क्षेत्र में पुरस्कार देने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था है। भारत में इसके एक हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। सभा की मध्य प्रदेश इकाई भी एक सक्रिय इकाई है।सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एसपी जयसिंघानी और महासचिव अंजलि तुलसियानी ने 8 अक्टूबर तक साहित्य सभा के केंद्रीय कार्यालय 1/3, विक्रम विहार,लाजपत नगर 4, नई दिल्ली में अनुशंसायें आमंत्रित की हैं। सिंधी भाषा साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखकों,कलाकारों,चित्रकारों, पत्रकारों के नाम की अनुशंसा आमंत्रित की गई हैं। शीघ्र चयन समिति जल्द ही निर्णय करेगी और आठ क्षेत्र में सिंधी भाषी विभूतियां को भोपाल में हो रहे समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।

## निरंकारी रक्तदान शिविर कल, प्रेरित करने संस्कार विद्यालय में आग्रह सत्र

### बीते साल 503 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड है



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन सात अक्टूबर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बैरागढ़ के मुख्य मार्ग स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन, संतनगर में शिविर आयोजित किय गया है। शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया है।

शिविर की जानकारी देते हुए ब्रांच संयोजक महेश वीधानी ने कहा, रक्तदान सबसे बड़ी मानव सेवा है, इसमें सहभागी बनकर स्वयं तो रक्तदान करें, औरों को भी रक्तदान के लिए प्ररित करें।

उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन बैरागढ़ ब्रांच द्वारा वर्ष 2012 से हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, बीते साल मिशन की बैरागढ़ ब्रांच द्वारा 503 यूनिट का रक्तदान किया गया था ।

**मेट्रो एंकर** | शापिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया विधायक रामेश्वर ने, गुलाब उद्यान, संतजी की प्रतिमा का अनावरण आज

# 70 साल पुरानी सिंधी विस्थापित पट्टा समस्या के निराकरण का मार्ग खुला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरूवार को संतनगर में बस स्टैंड पर बने महाराणा प्रताप शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। साथ ही 1270 पट्टों का वितरण किया। शर्मा ने कहा सिंधी विस्थापितों के लीज नवीनीकरण के आदेश जल्द जारी होंगे।

**1270 पट्टों का वितरण यह क्रम निरन्तर जारी रहेगा:** विधायक शर्मा ने वार्ड तीन, चार और पांच के 1270 पट्टों का वितरण किया, जिसमें पट्टा धृति, धारणाधिकार एवं 78 सिंधी विस्थापितों के पट्टे थे। शर्मा ने कहा कि पट्टा का वितरण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नवयुवक सभा गृह निर्माण समिति एवं सिंधु समाज गृह निर्माण समिति की लीज नवीनीकरण कराया गया है, 400 परिवारों तक जल्द ही उनके आधिकारिक आदेश संबंधित को मिल जाएंग । शर्मा ने कहा कि किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है पट्टा नवीनीकरण एवं नामांतरण के यह काम जारी रहेगा।



*लैंड यूज बदलेगा: शर्मा ने कहा कि संतनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लैंड यूज परिवर्तन करने संबंधी कार्रवाही की जा रही है। लैंड यूज परिवर्तन के बाद जल्द ही इन क्षेत्रों में भी पट्टों का नवीनीकरण एवं नये पट्टे बनाये जाएंगे ।*

### 2.5 करोड़ के शॉपिंग काम्प्लेक्स की सौगात

2.5 करोड़ की लागत से संत हिरदाराम नगर के बस स्टैंड पर नगर निगम द्वारा नवनिर्मित महाराणा प्रताप शॉपिंग काम्प्लेक्स का लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया। सर्वसुविधा युक्त इस शॉपिंग काम्प्लेक्स के रूप में संत नगर को बड़ी सौगात है । विधायक शर्मा ने कहा कि संत नगर की आने वाली पीढ़ी व्यवसायिक नगर की कमान संभाले इसके लिए यहां निरंतर व्यवसायिक विस्तार अत्यंत जरूरी है । लिफ्ट एवं स्ट्रीट लाइट के साथ अत्याधुनिक शॉपिंग काम्प्लेक्स निश्चित रूप से आकर्षण केंद्र बनेगा।

## शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच पहुंचे निरंकारी



संस्कार विद्यालय में संत निरंकारी मिशन के प्रमुख महेश वीधानी रक्तदान की अपील करने शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच पहुंचे। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने रक्तदान शिविर में भागीदारी का अवसर मिला है, हम इस सुअवसर को हाथ से नहीं जाने देंगे, रक्तदान अवश्य करेंगे। इस अवसर पर महेश प्रेमचन्दानी, लाल ग्वालानी, अशोक हिमथानी, लक्ष्मणदास, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित संत निरंकारी मंडल के अन्य सेवादारी उपस्थित थे।

## स्कूल में टीका मिटाने की निंदा की बजरंगियों ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति ने एक निजी स्कूल में बच्चे के माथे से टीका मिटावाने की निंदा की है। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने एक बयान में कहा कि हर बच्चा स्कूल में जाए तो माथे पर केसरिया रंग का तिलक एवं हाथ में कलावा पहनकर जाए। कलवा, टीका संस्कार है, संस्कार से दूर करने का किसी को अधिकार नहीं है। इस तरह की घटना सामने आई तो समिति कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।


विकास का विश्वास
शिवराज के साथ
आईटी पार्क इंदौर
सीएम राइज़ बाँदा
₹ 53000 करोड़ की
13000 परियोजनाओं
का प्रदेश-स्तरीय
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
6 अक्टूबर, 2023
पूर्वाह्न 11:30 बजे । रवींद्र भवन, भोपाल
• ₹ 18336.61 करोड़ की 18 जिलों की 33 सिंचाई परियोजनाएं
• ₹ 16193.28 करोड़ की 24 जिलों की जल प्रदाय परियोजनाएं
• ₹ 4657.34 करोड़ लागत की 15 जिलों की सड़क परियोजनाएं
• ₹ 2491.37 करोड़ लागत की अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) व स्मार्ट सिटी मिशन की विभिन्न परियोजनाएं
• ₹ 1674.27 करोड़ लागत के अस्पताल, कॉलेज, सीएम राइज़ स्कूल, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल
• ₹ 1129.02 करोड़ लागत के 90 विद्युत उपकेन्द्र
• ₹ 8523.48 करोड़ की अन्य विकास परियोजनाएं
ग्वालियर एलिवेटेड कॉरिडोर
D-11139/23
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP



36.62 लाख लाड़ली बहनों को
₹ 450 में गैस रीफिल योजना
की ₹ 219 करोड़
अनुदान राशि का
सिंगल क्लिक से अंतरण
मुख्यमंत्री
लाड़ली बहना योजना
2023
मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
भोपाल, अपराह्न 12:30 बजे
तथा
तेंदूपत्ता संग्राहकों को 56 करोड़ के हितलाभ व
विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया की
1.85 लाख बहनों को ₹ 27.87 करोड़
आहार अनुदान अंतरण (अक्टूबर से ₹ 1500)
एवं
जनजातीय सम्मान
समारोह-2022
डिंडौरी, अपराह्न 2:00 बजे
रानी दुर्गावती सम्मान
वीर शंकर शाह, रघुनाथ शाह सम्मान
जननायक टंट्या भील सम्मान
बादल भोई सम्मान
जनगण श्याम सम्मान
ठक्कर बापा सम्मान
मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय समाज के उत्थान और गौरव संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान को कर रही है सम्मानित
6 अक्टूबर, 2023
D-11139/23

### पवारखेड़ा कृषि प्रशिक्षण केंद्र में देखा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

# सीएम चौहान ने किसानों को 1 हजार 560 करोड़ की दी सम्मान निधि

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

फसल बीमा योजना के 30 लाख दावों में 1 हजार 58 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जारी किए गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में 72 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के 1 हजार 560 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 30 लाख दावों में 1 हजार 58 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जारी किए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 4 लाख 30 हजार परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया।जिला सतना में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का सजीव प्रसारण प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र पवारखेडा में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम मे सभापति कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत नर्मदापुरम शअजीत मण्डलोई व अन्य गणमान्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### फसल बीमा पॉलिसी का वितरण विधायक डॉ. शर्मा ने किया

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कृषको को मुख्यमंत्री आवास भू अधिकार पत्र, मुख्यमंत्री नगरीय भू अधिकार पत्र तथा खरीफ वर्ष 2023 की फसल बीमा पॉलिसी का वितरण विधायक डॉ. शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रमोद सिंह गुर्जर , सहायक संचालक कृषि राजीव यादव,तहसीलदार नर्मदापुरम श्री शक्ति तोमर तथा समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजस्व निरीक्षक, पटवारी, बी.टी. एम. ए.टी.एम. एवं प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित रहे।

### विधायक सहित कई गणमान्य रहे उपस्थित

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा द्वारा उपस्थित कृषको को राज्य शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से प्राप्त होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही उनके द्वारा कृषको को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा किसान सम्मान निधि से प्राप्त होने वाली राशि का खेती में सदुपयोग कर खेती की आय को बढ़ाने हेतु किसानों का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषको को कृषि संबंधी तकनीकी सलाह के रूप में कृषि वैज्ञानिक डॉ के के मिश्रा द्वारा धान की फसलों में लगने वाले रोगों के नियंत्रण संबंधी उपाय बताये गये, साथ ही उनके द्वारा गेहूँ व चना फसल में लगने वाले कीट एवं रोगो से बचाय हेतु आवश्यक समन्वित उपाय प्रबंधन की विस्तारपूर्वक संबंधी जानकारी दी गई।


इसी क्रम में कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद बेड़ा द्वारा रबी फसलों की नवीनतम प्रजातियों की विशेषताओं से कृषको को अवगत कराया गया तथा उनके द्वारा कृषको से अपील की गई कि सदैव प्रमाणित बीजों का ही प्रयोग खेती में करे ताकि अधिकतम उत्पादन प्राप्त हो सके। तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों कृषको तथा अधिकारी /कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा गया।

# पुलिस ने ढाबे से जप्त की 14 हजार रुपए की अवैध शराब

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**

**विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत प्रत्येक गांव में अवैध शराब का व्यापार जमकर फल फूल रहा है। शराब ठेकेदार के कर्मचारी दिनदहाड़े अपने बगैर नंबर की बोलेरो गाड़ी में अंग्रेजी शराब दुकान से अवैध परिवहन कर गांव गांव शराब छोड़ी जा रही है।**

जिसे आज रोकने और टोकने वाला कोई नहीं है।आबकारी विभाग ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। इसी के चलते गुरुवार के दिन सिवनी मालवा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी जिले की बाउंड्री पर बने चेक पॉइंट का निरीक्षण करने निकली थी। बही लंबे समय से शिकायत मिल रही थी की कांसखेडी के पास अशोक ढाबे पर अवैध शराब बेची जाती है। सूचना पर अशोक ढाबे को जब चेक किया तो ढाबे से 47 देसी लाल के क्वार्टर, 60 सफेद प्लेन के क्वार्टर, 40 अंग्रेजी शराब के क्वार्टर, कुल 26 लीटर 460 एमएल अवैध शराब जप्त की जिसकी बाजार कीमत 14230 बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने सिवनी मालवा वार्ड नंबर 9 के ढाबा संचालक अशोक रघुवंशी के ऊपर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### गांव गांव बिक रही अवैध शराब पर नहीं होती है कोई कार्रवाई

क्षेत्र की 95 पंचायत में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है ।या यू कहे की अवैध शराब का यह कारोबार कुटीर उद्योग में बदल गया हो ऐसा प्रतीत होता है, बगैर मिली भगत से अवैध शराब का अवैध कारोबार नहीं किया जा सकता है लेकिन खुलेआम जिस ब्रांड की शराब आपको शराब ठेके से मिलती हो उन सभी ब्रांड की शराब को आज गांव-गांव शराब ठेकेदार के एजेंट से खरीद सकते हैं। खुलेआम आबकारी अधिनियम का उल्लंघन करने वाले अपनी दुकान से अवैध तरीके से परिवहन कर गांव-गांव शराब को पहुंचा जा रहे है जिसे आज रोकने की जिला कलेक्टर और एसपी को अति आवश्यक है, नहीं तो यही शराब गांव-गांव एकत्रित हो रही है जो चुनाव में बड़ी समस्या पैदा भी कर सकती हैं।

### शराब दुकानों पर नहीं है रेट लिस्ट

सुरा प्रेमियों के मन में इस बात का खेद है कि हमें मनमाने दामों पर शराब खरीदना पड़ती है। शराब दुकानदार द्वारा किसी भी प्रकार की दुकान के सामने रेट लिस्ट नहीं लगाने के कारण हम अपने आप को ढगा सा महसूस करते हैं। शराब दुकान के मन माफिक दामों पर हमें शराब खरीदनी पड़ती है सुरा प्रेमियों ने मांग की है कि शराब दुकान के सामने रेट लिस्ट लगाई जाए।





# आगामी विस चुनाव को लेकर प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की हुई बैठक

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु प्रिंट कराई जाने वाली सामग्रियों का लेखा-जोखा वह प्रबंधन द्वारा किया जाना है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सिवनी मालवा के प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक अनिल कुमार जैन अनुविभागी अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालको की उपस्थिति में बैठक में राकेश खजूरिया तहसीलदार ने बताया कि आयोग के दिशा निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है। प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधियों द्वारा बैनर फ्लेक्स इत्यादि सामग्री प्रिंटिंग कराई जाती है तो उसमें प्रकाशक का नाम मुद्रित सामग्री की संख्या तथा प्रकाशित करने वाले का नाम अवश्य ही आना चाहिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात आयोग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे उसी के अनुसार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को कार्य करना है। मुद्रित सामग्री की एक प्रति कार्यालय को उपलब्ध कराना आवश्यक है बैठक में अनिल कुमार जैन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश खजूरिया तहसीलदार श्रीमती दीप्ति चौधरी नायब तहसीलदार सहित सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक उपस्थित थे।

# दिव्यांग अनुभूति पार्क का होगा कायाकल्प...

### कलेक्टर नीरज कुमार के साथ सीएमओ डा. प्रशांत जैन सहित अधिकारियों ने किया पार्क का निरीक्षण

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

**गुरुवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित दिव्यांग अनुभूति पार्क का निरीक्षण किया।**



इस दौरान उनके साथ नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ डॉक्टर प्रशांत जैन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा दिव्यांग अनुभूति पार्क का कायाकल्प किया जाएगा। पार्क में दिव्यांगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएगी। कलेक्टर ने दिव्यांग अनुभूति पार्क में सुविधाओं से संबंधित निर्देश नगर पालिका, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने ने कहा कि बेहतर कार्य योजना तैयार कर पार्क में कार्य शुरू कराएं। प्राथमिक तौर पर दीवारों की पेंटिग और आवश्यक मरम्मत के काम एक सप्ताह में पूर्ण किए जाएं। विशेषज्ञ से चर्चा कर पार्क के बगीचे का सौंदर्यीकरण के साथ यहां आवश्यक पौधे भी लगाएं। उन्होंने पार्क में लगे कैनोपी को बदलने और उसके स्थान पर बेहतर वैकल्पिक उपाय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन पार्क का निरीक्षण कर कायाकल्प की प्रगति देखेंगे। उन्होंने मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों का ग्रुप बनाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण कर केंद्र का बेहतर संचालन किया जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र और स्वास्थ्य विभाग के वाहनों के सदुपयोग के संबंध में भी निर्देशित किया। दिव्यांग पार्क निरीक्षणके दौरान आशीष चटर्जी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय, डॉ राजेश महेश्वरी, डॉ सुनील जैन, प्रभारी सीएमओ प्रशांत जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित कर्मचारी उपस्थित रहे.

# अवकाश पर सीएमओ प्रभारी की भूमिका में डॉ. जैन

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

पिछले दो हफ्ते से नगर पालिका के मुख्य अधिकारी नवनीत पांडे मेडिकल अवकाश पर हैं। उनके स्थान पर कार्यवाहक सी एमओ के रूप में नगर पालिका अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत जैन को प्रभारी सीएमओ का प्रभार दिया गया है। नगर पालिका के हर विभाग के काम में दक्ष अधीक्षक प्रशांत जैन नागरिकों को सीएमओ के अनुपस्थित की कमी को महसूस नहीं होने दे रहे हैं। अपने प्रभारी कार्यकाल के दौरान डॉ. जैन ने कार्यालय में उपस्थिति देने के साथ-साथ नगर के कामों में भ्रमण के लिए भी समय देते रहे हैं। नगर में जहां कोई समस्या होती है या वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किसी कार्य का निरीक्षण करना होता है वहां प्रभारी सीएमओ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से देखी गई। नगर पालिका की कार्यालय व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भी उनके द्वारा इतने कम समय में जो प्रयास किए वह कर्मचारी हित में, कार्यालय हित में आवश्यकता पूर्ण प्रयास कहे जा सकते है। नगर की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण के लिए सार्थक प्रयास किए जाने से आम नागरिकों को नगरपालिका की कार्यसेवा से जनहित को प्रभावी सहयोग मिला है।



# नौ दिनों से गुमे व्यक्ति का शव बारहसेल के जंगल में मिला

**सिवनी मालवा,दोपहर मेट्रो**

**विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत आने वाले सतपुड़ा के जंगलों में बसे आदिवासी गांव बारहसेल के जंगलों में एक व्यक्ति का शव मिला। सव की पहचान मंगल पिता छोटेलाल उम्र 30 साल निवासी बांस पानी हाल मुकाम बारहा सेल के रूप में हुई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल सिंह अपने ससुराल बारह सेल में 8 वर्षो से रह रहा था जो 25 सितंबर को अपनी पत्नी और ससुराल में शराब के नशे में लड़ाई झगड़ा करने के बाद से अचानक गुम हो गया।**



परिजनों द्वारा अपने रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बाद 3 अक्टूबर को सिवनी मालवा थाने में मंगल की गुमशुदा की रिपोर्ट डाली गई।थाना प्रभारी उषा मरावी तत्काल एक्शन मोड में आते हुए परिजनों से मिलने और गुम इंसान की जानकारी जुटाने घने जंगलों में बसा बारह सेल और बांसपानी पहुंची जहां पर ग्रामीण और परिजनों की मदद से जब उसे खोजना चालू किया तो दिन भर तलाश करने के बाद में भी कहीं नहीं मिला। थाना प्रभारी सिवनी मालवा आ गई उसी 4 तारीख की रात 10 बजे ग्रामीणों का फोन आया कि बांस पानी और 12 सेल के बीच में जंगल के एक पगडंडी वाले रास्ते से 25 फीट एक खाई में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। रात को अपनी टीम के साथ थाना प्रभारी घटना स्थल की ओर रवाना हुई वहां परिजनों द्वारा मंगल की पहचान उसके कपड़ों से की गई लाश कई दिनों की होने के कारण सडी गली अवस्था में मिली जिसे 25 फीट खाई में से ऊपर लाना बडी चुनौती पूर्ण काम था। जिसे पुलिस ने बखूबी निभाया और रात को 2 बजे तक बड़ी मशक्कत के बाद सव को सिवनी मालवा अस्पताल लाया गया। जहां सुबह एफएसएल टीम सहित डॉक्टर ने सव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सोपा फिलहाल पुलिस ने इस पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही।

**मेट्रो एंकर** अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी.. मानसिक प्रताड़ना का लगाया आरोप,मामला बनखेड़ी डिग्री कॉलेज भवन निर्माण से संबंधित

# पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार व मजदूरों ने दिया धरना

**नर्मदापुरम,दोपहर मेट्रो**

**गुरुवार को लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री (भवन) कार्यालय के सामने ठेकेदार और मजदूरों ने धरना देकर कार्यपालन यंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क पर धरने दे रहे ठेकेदार शिवा कंस्ट्रक्शन कंपनी के नवनीत ने बताया कि डिग्री कालेज भवन का काम लगभग पूरा है सड़क का निर्माण होना है।**



कुछ काम रह गया है जिसके लिए धन की आवश्यकता है. लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा हमारे को राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे हम आगे कार्य करने में सक्षम नहीं है. हमें मजदूरों का भुगतान करना है आर्थिक अभाव में मजदूर लोग तंगी का सामना कर रहे हैं. अनुबंध के अनुसार मेजरमेंट करके भुगतान किया जाना नियमों के अनुसार है लेकिन 6 महीने हो गए हैं भुगतान नहीं किया गया. हमें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है मानसिक दावों का सामना करना पड़ रहा है दो बार मुझे हार्ट अटैक आ गया है. यदि मुझे कुछ हो जाता है तो उसके जिम्मेदार कार्यपालन यंत्री होंगे। ठेकेदार द्वारा लिखित में लोक निर्माण मंत्री प्रमुख सचिव प्रमुख अभियंता मुख्य अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ स्थान पर कार्यपालन यंत्री भवन लोक निर्माण विभाग नर्मदा पुरम की शिकायत प्रेषित की गई है.

### इनका कहना है

बनखेड़ी डिग्री कॉलेज भवन का काम पिछले 6 सालों से चल रहा है जबकि इस भवन को अब तक कभी का बनकर तैयार हो जाना था। लेकिन ठेका निर्माण कंपनी की लापरवाही से काम अटका पड़ा रहा। दो बार ठेकेदार को काम से हटाया भी गया किया गया पर हर बार यह वरिष्ठ स्तर से अपना काम करा कर बहाली प्राप्त कर लेता है। अभी तक भवन का जितना कम हुआ है उतना भुगतान हो चुका है. ठेकेदार द्वारा आगे काम किया जाएगा तो आगे भुगतान कर दिया जाएगा. जब तक काम का मूल्यांकन ठीक तरह से नहीं हो जाता तब तक भुगतान किया जाना संभव नहीं.

– **मयंक शुक्ला**, कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण

### अप डाउन कर रहे हैं अधिकारी-कर्मचारी

धरना पर बैठे श्रमिकों का कहना है कि कार्यपालन यंत्री सहित कुछ कर्मचारी आवागमन करते हैं इनका निवास मुख्यालय का होना चाहिए परंतु यह मुख्यालय पर नहीं रहते हैं। मुख्यालय पर नहीं रहने के कारण यह जिले में चल रहे कार्यों पर भी ध्यान नहीं देते हैं। कुछ ऐसा ही हाल डिग्री कॉलेज बनखेड़ी का भी है जिसको लेकर उनके द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार तथा श्रमिकों ने बताया कि कार्यपालन यंत्री कार्यालय द्वारा भुगतान नहीं होने से मजदूरों को काफी दयनीय स्थिति से गुजरना पड़ रहा है. समस्या को लेकर हमने कई जगह आवेदन दिए हैं लेकिन अभी तक हमको राहत नहीं मिली है।



### नबीबजंग, एसवाई कुरैशी की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

# दिल्ली में सैफी सिरोंजी और स्तुति अग्रवाल की किताब का विमोचन

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

गालिब इंस्टीट्यूट दिल्ली में सैफी सिरोंजी और स्तुति अग्रवाल की संकलित पुस्तक ष्खालिद महमूद शख्शियत और अदबी खिदमातष् का विमोचन पूर्व उप राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी और साहित्य अकादमी के कन्वीनर चंद्रभान खयाल के हाथों हुआ। एस वाई कुरैशी ने संकलन कर्ताओं को बधाई देते हुए और श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी भी भाषा के ज्ञाता हों, एक अखबार जरूर खरीदें। सैफी सिरोंजी एक दूर दराज छेत्र सिरोंज से त्रैमासिक इंतेसाब प्रकाशित कर एक बड़ा काम कर रहे हैं। मैं खालिद महमूद से परिचित था लेकिन इस किताब को पढ़ कर बहुत सी नई बातें उनके बारे में मालूम हुई। नजीब जंग ने कहा कि खालिद साहब ने मुझे पढ़ाया है, वो एक अच्छे उस्ताद हैं। इस किताब में उनके व्यक्तित्व के सभी पहलुओं पर रोशनी डाली गई है। चंद्रभान खयाल ने कहा कि सैफी और स्तुति ने उर्दू साहित्य में बड़े पैमाने पर सिरोंज को परिचित करवाया है। खालिद महमूद मेरे उस्ताद तो नही हैं लेकिन उन्हें पढ़कर मैं ने बहुत कुछ सीखा है। सैफी सिरोंजी ने किताब की अहमियत पर बात करते हुए कहा कि खालिद साहब की साहित्यिक सेवाओं पर किताब लाने की जरूरत थी। इससे पहले भी मैं उन पर दो किताबें लिख चुका हूं, लेकिन इस किताब में स्तुति अग्रवाल की मेहनत भी शामिल है। खालिद महमूद ने संकलन कर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप तमाम साहित्यकारों की विवेचनाएं मेरे लिए बड़ी महत्वपूर्ण हैं। सैफी एक अच्छे लेखक हैं जिनके नाम से आज सिरोंज जाना जाता है। प्रोग्राम के संचालक खालिद मुबाशिर ने कहा कि सैफी साहब 70 किताबों के लेखक हैं और यह उनकी बड़ी अहम किताबों में एक होगी।







### मेहमानों का शुक्रिया अदा स्तुति अग्रवाल ने किया

इस अवसर पर प्रोफेसर शेहपर रसूल, प्रो शहजाद अंजुम, प्रो जीनाबाड़े, प्रो अबु बकर, प्रो सिराज अजमली, प्रो तसनीम फातिमा, राशिद जमाल फारूकी, फोजिया रबाब, नोमान कैसर और फैजान शाहिद ने किताब पर विस्तार से चर्चा की। स्वगतीय शब्द डॉक्टर मेहजर रजा ने पेश किए, इसी समारोह में त्रैमासिक पत्रिका इंतेसाब के विशेष अंक का विमोचन भी किया गया। मेहमानों का शुक्रिया अदा स्तुति अग्रवाल ने किया और कहा कि इस समारोह की खास बात यह है कि यहां सुनने वालों में भी बड़ी हस्तियां मौजूद हैं और दिल्ली जैसे शहर में इतने साहित्यकारों का एक साथ जमा होना प्रोग्राम की बड़ी कामयाबी है। श्रोताओं के तौर पर अमीना जंग, मुस्तमिर, मोइन शादाब, मतीन अमरोहोवी, मंजर इमाम, असद रजा, हाकानी अल कासमी, अब्दुल बारी, आफ्रीन वासे, नईमा जाफ्री, वसीम बेगम, मो खलील, सोहैल अहमद फारूकी, हसीब खान, शाहब उद्दीन साकिब, अतहर फारूकी, कुदसिया फारूकी, इदरीस खान, सिराज नकवी, नौशाद मंजर, इम्तियाज अलीमी, सालिम सलीम, तोसीफखान, प्रो सर्वर उल हुडा, इस एम अख्तर, प्रो अंदलीब, प्रो नदीम, फिरोज खान, सफीर सिदिकी, अब्दुर रहमान, आदिल हयात, मोइन उद्दीन खान, जैनउल आब्दीन, राजी कमाल, कजोरी लाला, सैयद तजमुल, हिफ्जान खान, रिजवान उद्दीन, अफाक सैफी, समद इकबाल ने भाग लिया।

## मुगलसराय पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**



विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए की एसपी के निर्देश पर पुलिस प्रशासन के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। मुगलसराय पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया इनके पास से 7 पेंटी अवैध जप्त करके करवाई की है। अनिल पिता पन्नालाल बाल्मीक उम्र 28 साल निवासी ग्राम भौरिया थाना, गायत्री बाई पत्नि अनिल बाल्मीक उम्र 31 साल निवासी ग्राम भौरिया से 350 क्वार्टर पावर स्ट्रांग विस्की कीमती करीबन 35000 रुपये की बरामद की है।

अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव तथा अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थाना मुगलसराय पुलिस की टीम ने की तिवारी मोहन गवली ने बताया कि बुधवार की दरम्यानी रात को मुखबिर सूचना से जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम कंचनपुर तरफसे एक व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल पर रखकर अवैध शराब बिक्री हेतू ग्राम सूरनताल चौकी की घाटी तरफ ले जा रहा है। एक महिला शराब की पेटियों को पकडे हुए पीछे बैठी है। इसके बाद हमने पुलिस टीम को साथ मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचा तो एक व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल पर अवैध शराब की पेटियां रखे जाता हुआ मिला जिसकी मोटर साईकिल की तलाशी ली तो 07 पेटी शराब मिली। इनकी रही बिषेष भूमिका थाना प्रभारीमुगलसराय मोहरसिंह गवली, सउनि दुर्गाशंकर मांझी, सउनि रामेश्वर कुमरे, प्र.आर नर्वदा प्रसाद, महिला प्र.आर. नाजमा, आर. निक्की शर्मा, आर.धनसिंह, आर. शैलेन्द्र की रही।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला भोपाल**

**क्रमांक/छात्रावास सुरक्षा/ निविदा/ 2023/1023** **भोपाल दिनांक 04/10/2023**

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमावि, विद्यालय में संचालित बालक एवं बालिका में सुरक्षा एवं साफ–सफाई हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा**

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला भोपाल द्वारा शिक्षा सत्र 2023–24 हेतु जिले में संचालित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमावि, विद्यालय में संचालित बालक एवं बालिका छात्रावास में सुरक्षा एवं साफ–सफाई हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने हेतु पंजीकृत एजेंसियों/ संस्थाओं से 01 वर्ष की समय अवधि के लिए ई–निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा विज्ञापन दिनांक से 23 अक्टूबर 2023 तक कार्यालय उमावि सुभाष उत्कृष्ट शिवाजी नगर भोपाल में प्रस्तुत की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र व कार्य की विस्तृत शर्तें/ प्रारूप कार्यालय शासकीय उमावि. सुभाष उत्कृष्ट शिवाजी नगर भोपाल में उपलब्ध है। इच्छुक एजेंसी / निविदाकार आवेदन कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।

G-20837/23

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला भोपाल




## प्रांतीय कुशवाहा समाज कार्यकारिणी एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष का गठन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रांतीय कुशवाहा समाज संगठन द्वारा सिरोंज मैं तहसील कार्यकारिणी एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष का गठन हुआ एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चाएं की जिसमें महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विनीता कमलेश कुशवाहा को चयनित किया गया सिरोंज तहसील अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा को चयनित किया गया युवा मोर्चा से एडवोकेट मलखान को चयनित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह जी रहे महामंत्री गोपाल सिंह भोपाल संभाग अध्यक्ष देवी सिंह जी घनश्याम कुशवाहा अध्यक्ष श्री लव कुश सेवा समिति देवपुर धाम मोहन सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष मुंशीलाल कुशवाहा सिरोंज मंडल अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा बुंदेल सिंह पूर्व सरपंच मदन कुशवाहा सरपंच सोना शाहपुर पंचायत एडवोकेट अमर सिंह मनोज कुशवाहा एवं नगर सिरोंज से पधारे और ग्रामीण क्षेत्र से पधारे सभी कुशवाहा समाज के व्यक्ति कार्यक्रम छतरी नाका हनुमान मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुआ।

### थाना दीपनाखेड़ा पुलिस विदिशा ने

## जिलाबदर आरोपी को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**सिरोंज ,दोपहर मेट्रो**

थाना दीपनाखेड़ा पुलिस विदिशा द्वारा विदिशा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव एवं अनुविभागी अधिकारी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना दीपनाखेड़ा विदिशा पुलिस को जिला बदर आरोपी करण सिंह अहिरवार पुत्र नाथूराम अहिरवार उम्र 35वर्ष निवासी ग्राम दामोदर खेड़ी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।

थाने पर जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की थाने का जिला बदर आरोपी करण सिंह अहिरवार अपने गांव दामोदरखेडी मे है मुखबिर सूचना तस्दीक हेतु हमराह बल एवं पंचानों को सूचना से अवगत कराकर ग्राम दामोदरखेड़ी पहुंचा जहां जिलाबदर का आरोपी करण पुत्र नाथूराम अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम दामोदरखेड़ी का जिसे माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विदिशा मध्य प्रदेश के आदेश क्रमांक /क्यू/रीडर 2022/14261 विदिशा दिनांक 05.12.2022 के पालन में एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया था शासकीय स्कूल के पास खड़ा दिखा जिसे हमराह बल की मदद से पकड़कर जामा तलाशी लेने पर एक लोहे की



छुरी अपने कमर की बाई तरफपेट में खुर्से मिला जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाए। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवम अवैध हथियार रखने पर थाना दीपनाखेड़ में अपराध क्रमांक 135/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट एवम अपराध क्रमांक 136/23, धारा 14,15 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय सिरोंज पेश किया गया। इनकी रही भूमिका' उपरीक्षक अनुज प्रताप सिंह थाना प्रभारी दीपना खेड़ा, प्रधान आरक्षक 288 रामकरण, महिला आरक्षक 552 प्रगति साहू ,आर.993 हरेंद्र,आरक्षक 664 उवेज खान, आरक्षक 997 प्रमोद थाना दीपना खेड़ा का विशेष योगदान रहा।


**Office of The Deputy Director, Archives**
**Directorate of Archaeology, Archives and Museums**
**Madhya Pradesh, Banganga Marg, Bhopal**

**DETAILED TENDER NOTICE**
**Second Invitation**
**(E-TENDERING MODE ONLY)**

NIT NO: 02/E-tender/DDA/2023 E tender Id No. : 2023 DDA 050300_1 Dated 04-10-2023

Deputy Director, Archives of Directorate of Archaeology, Archives & Museums, Madhya Pradesh, Banganga Marg, Bhopal on behalf of the Governor of Madhya Pradesh invites online mode tender for **Rate Contract** to undertake the work of conservation & preservation and Digitization of Archival Records/Historical Records, Books, Manuscripts etc. including chemical cleaning, de-acidification, tissue lamination and archival binding of records of this Directorate.

| Work. No. | Name of Work | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document | Tender Processing fee |
|---|---|---|---|---|
| | | Mode of Payment : E-Payment Only | | |
| 1. | Conservation & Preservation and Digitization of Archival Records/ Historical Records, Books, Manuscripts etc. including chemical cleaning, de-acidification, tissue lamination and Archival binding of records of thisDirectorate | Rs. 1,50,000/- | Rs. 10,000/- | As per Govt. Rules |

**E- TENDER SCHEDULE**

1. The last date of online application download (website: mptenders.gov.in) is 16-10-2023 up to 18:00 hrs.
2. The last date of online submission of tender is 16-10-2023 up to 18:00 hrs.
3. The date & time of Technical opening of online tender is 18-10-2023 (15:00 hrs.) in the office of Deputy Director, Archives of Directorate of Archaeology, Archives & Museums, Madhya Pradesh, Banganga Marg, Bhopal.
4. The date & time of financial opening of online tender is 19-10-2023 (12:00 hrs.) in the office of the Deputy Director, Archives of Directorate of Archaeology, Archives & Museums, Madhya Pradesh, Banganga Marg, Bhopal

**G-20883/23**

**Deputy Director, Archives**
**Directorate of Archaeology, Archives & Museums,**
**Madhya Pradesh,**
**Banganga Marg, Bhopal**


## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव को लेकर हुई बैठक

**सिवनी मालवा ,दोपहर मेट्रो**



आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए तथा दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के पश्चात सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल भाजपा कांग्रेस आम आदमी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सिवनी मालवा में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम अनिल कुमार जैन ने प्रतिनिधियों को बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जाएगी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है राजनीतिक दलों को मतदाता सूची एवं सीडी प्रदान की जाएगी सभी राजनीतिक दल मतदान केंद्र बी एल ए की सूची कार्यालय में जमा करें राजनीतिक दलों को सभा स्थल हेलीपैड स्थल के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए स्ट्रांग रूम शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में बनाया गया है सभी राजनीतिक दलों को आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है बैठक में तहसीलदार राकेश खजूरिया, नायब तहसीलदार दीप्ति चौधरी, सुशील खत्री, अजय मालवीय, अंतराम बामनिया एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम**

क्रमांक/लो.नि.वि./नि.सू/ 2023 नर्मदापुरम, दिनांक 30 /10/23
5262

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एतद् द्वारा निम्न वर्णित निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोकनिर्माण विभाग की एकीकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में सक्षण श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगरीय एवं विकास म.प्र. के दिनांक 10/05/2012 (02/08/ 2021 के संशोधन से प्रभावशील) आईएसएसआर पर प्रतिशत के आधार पर फार्म '' ए'' में सीलबंद निविदा दिनांक 16/10/23 रो 3.00 बजे दिन तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | नवीन पंजीयन अनुसार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रमांक 27 आर्ष गुरुकल समित गौशाला में टीन शेड निर्माण। | 1,68,320/- | 1685/- | 1000/- | 15 दिवस | सेन्ट्रलाइज्ड पी.डब्ल्यू.डी रजिस्ट्रेशन |

शर्तें :-1. निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है?
2. निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में एक दिवस पूर्व तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नर्मदापुरम
नर्मदापुरम, दिनांक 30-09-2023

# सपाट पिच, सूना स्टेडियम, महाकुंभ का फीका आगाज़



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

ऐसा माना जा रहा था कि भारतीय सरजमीं पर होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत बेहद धमाकेदार अंदाज में होगी।शायद इसी वजह से मौजूदा वनडे वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच के साथ भारत-पाक,ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड भिड़ंत और वर्ल्ड कप फायनल के लिए देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का चयन किया गया।मतलब एकदम साफ है कि 2023 वर्ल्ड कप के सबसे बहुचर्चित मुकाबलों के लिए इस मैदान को चुना गया है।अब अगर हम मौजूदा वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच यानी कल खेले गये इंग्लैंड न्यूजीलैंड पर नजर डालें तो फिर भले ही न्यूजीलैंड टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैड टीम को एकतरफा अंदाज में पटखनी देकर 2019 वर्ल्ड में नियमों की वजह से मिली हार का बदला ले लिया है, लेकिन सच तो यह है कि इस मैच की एकतरफा शिकस्त ने भी तमाम सवाल पैदा कर दिए है। सबसे बड़ा सवाल सपाट पिच को लेकर बनता है, साथ ही 1,32000 की क्षमता वाले स्टेडियम में एक तिहाई से भी कम दर्शकों की मौजूदगी क्रिकेट की लोकप्रियता के साथ बीसीसीआई की नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले आईसीसी की तरफ से एक बयान पिच को लेकर आया था, जिसके अनुसार इस्तेमाल होने वाली पिचों को गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिहाज से एकसमान बनाया जायेगा। मतलब यह है कि पिचें दोनों ही पक्षों के लिए मददगार साबित होंगी, लेकिन सच तो यह है कि अहमदाबाद की पिच पर इन मापदंडों का पालन कतई नहीं किया गया। बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग कही जाने वाली यह पिच बेहद सपाट थी,गेंदबाजों के इस विकेट में कोई मदद नहीं थी। हालांकि विकेट दोनों ही टीमों के लिए एकसमान होती है,लेकिन जब विकेटएकदम सपाट होती है तो फिर इसमें टॉस के मायने काफी मददगार साबित होते हैं।यही वजह है न्यूजीलैंड टीम ने टॉस जीतने का भरपूर फायदा उठाया, दूसरी पारी तक पाटा बन चुकी पिच पर वर्ल्ड चैंपियन टीम के गेंदबाजों की बखिया उधेड़कर रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की। क्रिकेट के खेल में भले ही अगर मगर के कोई मायने नहीं होते हैं, लेकिन मेरा ऐसा मानना है कि अगर दूसरी पारी में बल्लेबाजी इंग्लैंड टीम की होती तब कीवी गेंदबाजों का भी यही हश्र होता। खैर यह सभी बातें तो अब कल्पना मात्र कही जा सकती हैं,लेकिन जो सबसे बडी बात वर्ल्ड कप को पिच को लेकर मेरे जहन में है,उसका जवाब भले ही आने वाले मैचों की पिचों के बर्ताव को देखने के बाद मिलेगा। अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वर्ल्ड कप के उन मैचों में दर्शकों को स्टेडियम तक लाने के क्या उपाय किये जाते हैं जिनमें टीम इंडिया की मौजूदगी नहीं होगी।वैसे अहमदाबाद के सूने स्टेडियम ने इस मुद्दे पर भी बीसीसीआई केकान तो खड़े कर ही दिये होंगे।अब ऐसी उम्मीद है बाकी बचे 47 मैचों में हमें क्रिकेट का असल रोमांच देखने को मिलेगा, लेकिन उद्घाटन मैच के बाद तो फिलहाल वर्ल्ड कप का आगाज फीका फीका ही कहा जा सकता है।

### एशियाड का 13वां दिन

# तीरंदाज़ी में विमेंस की टीम ने ब्रॉन्ज जीता

**होंगझोउ, एजेंसी**

होंगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 13वें दिन आर्चरी के रिकर्व में अंकिता भकत, भजन कौर और सिमरनजीतकौर की तिकड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए मुकाबले में भारत ने वियतनाम को 6-2 से हराया। इसके साथ ही भारत के अब 87 मेडल हो गए हैं। इनमें 21 गोल्ड शामिल है। बजरंग पूनिया सेमीफाइनल फाइनल में पहुंचे बजरंग पुनिया ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65व्यत्न के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बहरीन के अलीबेगोव अलीबेग सैगिडगस को हराया। इससे पहले उन्होंने प्री क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के टुबोग रोनिल को 10-0 से हराया। भारत की किरण ने 76व्यत्न वेट में जापान की यामामोटो नोडोका को हराकर महिला फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। विमेंस टीम फाइनल में पहुंची कबड्डी में विमेंस टीम ने सेमीफाइनल में नेपाल को 61-17 से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। मेंस टीम फाइनल में पहुंची भारत ने एशियन गेम्स मेंस क्रिकेट के फाइनल में जगह बना ली है। टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 9 विकेट से हराया।

### भारत के लिए चुनौती होगी तीन टीमें

# ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान व अफ्रीका से जितने जीते उससे ज्यादा हारे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से चेन्नई में होगा। लीग स्टेज में 9 टीमों के खिलाफ भारत 9 अलग-अलग वेन्यू पर खेलेगा। वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ही ऐसी 3 टीमें हैं, जिनके खिलाफ भारत ने जितने मैच जीते उससे ज्यादा हारे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 38 फीसदी, साउथ अफ्रीका (एसए) के खिलाफ 41 फीसदी और पाकिस्तान के खिलाफ 42 फीसदी वनडे में ही भारत को जीत मिल सकी। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ करीब आधे मैचों में ही जीत मिली, जबकि श्रीलंका को 59 फीसदी और बांग्लादेश को 78 फीसदी वनडे मैचों में भारत ने हराया है।

### ■ ऑस्ट्रेलिया हर 3 में से 2 मैच हराता है

वनडे वर्ल्ड कप में 4 टीमों के खिलाफ ही भारत आधे से ज्यादा मैच जीत सका है। ऑस्ट्रेलिया ने टीम को सबसे ज्यादा 67 फीसदी मुकाबले हराए। यानी कंगारुओं के खिलाफ हर 3 में से 2 मैच टीम हारती है और इनसे ही हमारा पहला मैच भी है। साउथ अफ्रीका ने 60त्न, न्यूजीलैंड ने 56त्न और इंग्लैंड ने भारत को 50त्न वर्ल्ड कप मुकाबलों में भारत को मात दी है। श्रीलंका से टीम इंडिया ने 9 मैच खेले। 4-4 मैचों में दोनों को जीत मिली, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। पाकिस्तान और भारत के बीच वर्ल्ड कप में 7 मैच हुए, हर बार भारत ने ही बाजी मारी। नीदरलैंड और अफगानिस्तान से भी टीम ने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने 4 में से 3 मैच जीते और एक मैच गंवाया है।

### ■ पाकिस्तान का भारत के खिलाफ दमदार रिकॉर्ड

9 टीमों में पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है, जिसके खिलाफ भारत में घरेलू मैदान पर भी आधे से ज्यादा मैच गंवाए हैं। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अपने घर में 63 फीसदी मुकाबलों में हार मिली है। भारत को अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 46 फीसदी और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 45 फीसदी मैचों में हार मिली है। न्यूजीलैंड, श्रीलंका और इंग्लैंड का भारत के खिलाफ भारत में रिकॉर्ड बहुत खराब है।

## छह टीमों के खिलाफ कोहली टॉप रन स्कोरर





भारत के मौजूदा वर्ल्ड कप स्क्वॉड में विराट कोहली ने 6 टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। इनमें न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और नीदरलैंड शामिल हैं। वह बाकी 3 टीमों के खिलाफ दूसरे नंबर पर हैं। जबकि रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वह 5 टीमों के खिलाफ दूसरे नंबर पर हैं।

### जडेजा 5 टीमों के खिलाफ टॉप विकेट टेकर

मौजूदा स्क्वॉड में भारत से रवींद्र जडेजा ने 5 टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। इनमें पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ मोहम्मद शमी टॉप विकेट टेकर हैं, वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 24 विकेट लिए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ विराट के अलावा टीम के बाकी खिलाड़ी पहली बार कोई मुकाबला खेलेंगे। विराट ने 2011 के वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ 12 रन बनाए थे।

### श्रीलंका के खिलाफ 23, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 बार 300 प्लस रन बनाए

वनडे में भारत ने 6 बार 400 से ज्यादा रन बनाए हैं, इनमें से 3 टीमें वर्ल्ड कप में भी सामने होंगी। श्रीलंका के खिलाफ टीम ने 2 बार 400 प्लस का स्कोर बनाया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया पिछले सप्ताह ही 400 रन बनाने से चूक गई, इंदौर में टीम ने 399 रन बनाए थे। श्रीलंका (23 बार) और ऑस्ट्रेलिया (22 बार) के खिलाफ भारत ने सबसे ज्यादा बार 300 से ज्यादा रन भी बनाए हैं। ***पाक ने 29 बार 200 के अंदर ऑल आउट किया:*** भारत वनडे में 7 बार 100 रन के अंदर ऑल आउट हुआ है, इनमें से 5 टीमें इस वर्ल्ड कप में भी सामने होंगी। श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया का सबसे छोटा स्कोर (54 रन) वनडे स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका भी भारत को 100 रन के अंदर समेट चुके हैं। पाकिस्तान ने तो भारत को सबसे ज्यादा 29 बार 200 रन के अंदर भी ऑलआउट किया है। इस मामले ऑस्ट्रेलिया (26 बार) दूसरे नंबर पर है। न्यूजीलैंड (20 बार), श्रीलंका (19 बार) और साउथ अफ्रीका (15 बार) के खिलाफ भी टीम इंडिया 200 से कम के स्कोर में 15 या उससे ज्यादा बार ऑल आउट हो चुकी है।

### ऑस्ट्रेलिया से 8 अक्टूबर को भिड़ेगी टीम इंडिया

# शुभमन को डेंगू हुआ, वर्ल्ड कप मैच खेलने पर संशय

टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल को तेज बुखार है। उनका डेंगू टेस्ट पॉजिटिव आया है। भारत वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच रविवार यानी 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। इस मैच में गिल के खेलने पर संशय बन गया है। गिल की गैरमौजूदगी में ईशान किशन और रोहित शर्मा ओपनिंग कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में टीम के नेट सेशन में भी हिस्सा नहीं लिए थे। गिल का शुक्रवार यानी आज एक और टेस्ट होगा, जिसके बाद खेलने पर फैसला किया जाएगा।



### चेन्नई पहुंचने के बाद से गिल को तेज बुखार

एक के अनुसार चेन्नई पहुंचने के बाद से शुभमन को तेज बुखार है। उनके टेस्ट किए जा रहे हैं। आज और टेस्ट होंगे और शुरुआती मैच में उनके खेलने पर फैसला किया जाएगा। सूत्र ने कहा, पता चला है कि गिल का डेंगू के लिए टेस्ट किया जा रहा है और ऐसे में वह कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे।

### गिल 2023 में वनडे में भारत के टॉप स्कोरर

शुभमन गिल इस साल शानदार फॉर्म में हैं। गिल 2023 में वनडे में भारत के टॉप स्कोरर हैं। इस ओपनर ने 2023 में 20 वनडे मैचों में 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1,230 रन बनाए हैं। उनके 6 वनडे शतकों में से 5 शतक इसी साल आए हैं। भारत का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से चेन्नई में होगा। लीग स्टेज में 9 टीमों के खिलाफ भारत 9 अलग-अलग वेन्यू पर खेलेगा।



## मेट्रो बाजार

# नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट में मिल रहा 7.5 फीसदी तक का ब्याज

**मुंबई, एजेंसी**

एक्सिस, बैंक ऑफ इंडिया और इंडसइंड बैंक सहित कई बैंकों ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट यानी स्नष्ठ की ब्याज दरों में बदलाव किया है। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में स्नष्ठ कराने का प्लान बना रहे हैं तो इससे पहले पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स टाइम डिपॉजिट अकाउंट की ब्याज दरों के बारे में भी जान लेना चाहिए। इस स्कीम अधिकतम 7.5 फीसदी तक का ब्याज मिल रहा है। जो देश के प्रमुख बैंकों में एफडी पर मिल रहे ब्याज से ज्यादा है। हम आपको इन बैंकों की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की नई ब्याज दर और टाइम डिपॉजिट अकाउंट के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश करके ज्यादा फायदा कमा सकें। यह एक तरह की स्नष्ठ ही है। इसमें एक तय अवधि के लिए निवेश करके आप निश्चित रिटर्न पा सकते हैं। टाइम डिपॉजिट अकाउंट 1 से 5 साल तक की अवधि के लिए 6.9 फीसदी से 7.5 फीसदी तक ब्याज दर की पेशकश करता। इसमें 1000 रुपए का मिनिमम निवेश करना होता है। वहीं अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। 5 साल के लिए निवेश करने पर मिलता है टैक्स छूट का फायदा होगा।





टाइम डिपॉजिट स्कीम और एफडी में 5 साल के लिए निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80 फीसदी के तहत टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं। इसके तहत 1.50 लाख रुपए तक के निवेश पर आप इनकम टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं।

# एक्स्ट्रा चार्ज: इंडिगो का हवाई सफर हुआ महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के बजट कैरियर इंडिगो एयरलाइन ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर एविएशन टर्बाइन फ्यूल की बढ़ती कीमतों की भरपाई के लिए फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। यह फ्यूल चार्ज आज रात 12 बजे से प्रभावी होगा। इंडिगो ने कहा, %यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद लिया गया है। पिछले तीन महीनों से एटीएएफ कीमतों में लगातार ब?ोतरी देखने को मिली है। किसी एयरलाइन के ऑपरेटिंग खर्च का एक बड़ा हिस्सा होता है। कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ जाती है, जिसे एडजस्ट करने के लिए एयरलाइन को किराया बढ़ाना पड़ता है।% इंडिगो ने कहा कि नए प्राइसिंग के तहत इंडिगो की फ्लाइट्स बुक करने वाले पैसेंजर्स को डिस्टेंस यानी दूरी के हिसाब से हर टिकट पर एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज देना होगा। यह फ्यूल चार्ज 300 से लेकर 1000 रुपए तक लगेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 320 से ज्यादा विमानों के अपने बेड़े के साथ इंडिगो रोजाना 1900 से ज्यादा उड़ानें संचालित कर रही है। ये एयरलाइन 81 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 32 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को कवर करती है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने फाइनेंशियल ईयर 2024 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए थे। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी को 3,090.7 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ था। एक साल पहले में कंपनी को 1,064.3 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### पेरिस में वर्कआउट करती नजर आई

# सारा अली ने जिम में जमकर बहाया पसीना




सारा अली खान इन दिनों पेरिस में छुट्टिया बिता रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपना एक वर्कआउट वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह पेरिस के जिम में इंटेंस वर्कआउट करती हुई नजर आई। वीडियो में एक्ट्रेस जिम के अंदर जमकर पसीना बहाती हुई दिखाई दे रही हैं। वह क्रॉस-फिटनेस और साइकिलिंग से लेकर कई अलग-अलग एक्सरसाइज करते हुए नजर आईं। लुक की बात करे तो सारा ने व्हाइट स्पोर्ट्स टॉप के साथ ब्लू शॉर्ट्स और व्हाइट शूज पहना है। सारा इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- किलिंग इट। दूसरे ने लिखा- बहुत प्रेरणादायक। तीसरे यूजर ने लिखा- माय फिटनेस क्वीन। वहीं एक और यूजर ने लिखा- आपका ट्रांसफॉर्मेशन काबिल-ए-तारीफ है।

### सारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं फोटोज


सारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटो में वह अपनी दोस्त के साथ पेरिस में घूम रही हैं। इस दौरान उन्हें कैजुअल लुक में देखा गया। सारा ने व्हाइट टॉप के साथ ब्लू डेनिम जीन्स पहनी है। इस लुक को उन्होंने ग्रीन स्लिंग बैग व्हाइट शूज और मैचिंग गॉगल्स के साथ कम्पलीट किया। सारा के वर्कफ्रंट की बात करे तो आखिरी बार उन्हें विक्की कौशल के साथ जरा हटके जरा बचके में देखा गया था। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब वह जल्द ही आदित्य रॉय कपूर के साथ फिल्म मेट्रो इन दिनों में नजर आएंगी। अनुराग बासु द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल मार्च 2024 में रिलीज होने वाली है। फिल्म में आदित्य, सारा के अलावा अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

# 'दोनों' की स्क्रीनिंग में दिखे सलमान



फिल्म 'दोनों' की स्क्रीनिंग में सलमान और आमिर दोनों ही नजर आए। सलमान स्टेज पर मीडिया के सामने फोटो खिंचवा रहे थे। इस दौरान आमिर खान उनके पास आते हैं और दोनों एक दूसरे से गले मिलते हैं। फिल्म स्क्रीनिंग के मौके पर जैकी श्रॉफ भी दिखाई दिए। जैकी दादा नेहरू टोपी पहने नए अंदाज में नजर आए। फिल्म 'दोनों' राजश्री प्रोडक्शन से बनाई गई है। सलमान और इस प्रोडक्शन का बहुत पुराना रिश्ता है। इनके द्वारा बनाई गई फिल्म 'हम आपके हैं कौन' 'मैंने प्यार किया' जैसी फैमिली ड्रामा फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है।

# रिश्तों में प्रायोरिटी तय करनी चाहिए: विक्की



विक्की कौशल फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली से चर्चा में हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी और कटरीना के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताई हैं। विक्की ने कटरीना को अपना लेडी लक माना है। उन्होंने बताया कि, कैसे वे दोनों अपने बिजी शेड्यूल के बाद भी अपने रिश्ते को हेल्दी बनाए रखते हैं। विक्की ने कहा, 'हमारे बीच एक अंडरस्टैंडिंग है। हम एक ही इंडस्ट्री से हैं इसलिए दोनों इस बात को समझते हैं। हमारे आने-जाने का कोई टाइम फिक्स नहीं होता है। इसका यह मतलब नहीं कि रिलेशन्स में एक दूसरे को फॉर ग्रांटेड लिया जाए। जब काम बहुत ज्यादा हो, तो अपने पार्टनर के लिए एक ब्रेक लेना जरूरी होता है। रिश्तों में प्रायोरिटी तय करनी चाहिए।' विक्की ने बताया कि कटरीना पंजाबी बहुत प्यारा बोलती हैं। उन्होंने कहा, 'हम साथ में फिल्म जरूर करना चाहते हैं, लेकिन वो फिल्म क्यूरियोसिटी के लिए नहीं होनी चाहिए। फिल्में हम तभी करना चाहते हैं, जब वाकई हम उन किरदारों में फिट बैठ रहे हों।

# बस में चढ़ रही थी छात्रा, ड्राइवर ने आगे बढ़ाई तो पैर कुचला

## सरोजनी नायडू कॉलेज में बीएससी में पढ़ती है छात्रा, शहर के प्रभात चौराहा पर हुआ दर्दनाक हादसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रभात चौराहा पर बीसीएलएल की बस ने बीएससी की छात्रा का पैर कुचल दिया। हादसे के समय वह बस में चढ़ रही थी, तभी ड्राइवर ने एकाएक बस आगे बढ़ा दी। बस के गेट से लड़खड़ाकर गिरी छात्रा के बाएं पैर के पंजे से होते हुए बस निकल गई। उसे गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया। ऐशबाग पुलिस ने बस चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। बस नंबर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार अंशिका श्रीवास्तव पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव (20) सेमरा कला स्टेशन बजरिया में रहती हैं और सरोजनी नायडू कॉलेज में बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा हैं। उसके पिता रमेश चंद्र औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन की एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनकी बेटी अंशिका प्रतिदिन बीसीएलएल की बस से कॉलेज आती जाती है। उसने पास बना रखा है।

बुधवार सुबह करीब 10.15 बजे उन्हें अंशिका ने कॉल कर बताया कि प्रभात चौराहा पर बस स्टाप के सामने उसका बस से एक्सीडेंट हो गया है। वे मौके पर पहुंचे और अंशिका को पास ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां अंशिका ने बताया कि रोज की तरह वह कालेज जाने के लिये एसआर-8 बस का इंतजार कर रही थी। सवा दस बजे के आसपास एसआर 8 बस स्टाप पर आकर रुकी। वह बस में चड़ रही थी, तभी बस ड्राइवर ने बस आगे बड़ाप दी। बस आगे बड़ने से वह सड़क पर गिर गई और बस का पहियां उसके बाएं पैर के पंजे के उपर से निकल गया। उसके बाएं पैर के पंजे में गंभीर चोट आई थी। खून निकल रहा था उसने बस ड्राइवर को रुकने के लिए आवाज दी, लेकिन वह बस लेकर फरार हो गया।





---

### डी मार्ट से हिनौतिया आलम जाने वाली सड़क पर ऑटो स्टाप के पास रोककर मारा

# युवती से छेड़छाड़, पिता-पुत्रों ने मिलकर ऑटो चालक की रॉड से कर दी हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट से हिनोतिया आलम जाने वाली सड़क पर आटो स्टैंड पर गुरुवार शाम पिता पुत्रों ने एक आटो चालक को रोक लिया। रोकने के बाद आरोपियों ने आटो चालक पर रॉड से हमला कर दिया। आरोपी उसे तब तक पीटते रहे जब तक की वह बेसुध होकर गिर नहीं गया। बेसुध होने के बाद आरोपी उसे अधमरा छोड़कर चले गए। आरोपियों के जाने के बाद कुछ लोगों ने गंभीर रूप से घायल आटो चालक को कोलार स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया था। वहां स्थिति गंभीर देखते हुए उसे हमीदिया प्रकाश अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान आटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया था। आटो चालक की मौत के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा बड़ा दी गई है।

पुलिस के अनुसार नसरुद्दीन खान जहांगीराबाद में रहते हैं। उनका 28 साल का बेटा आमिर खान उर्फसमीरूद्दीन आटो चलाता हैं। वह कोलार से जहांगीराबाद के लिए आटो चलाताड़था। नसरुद्दीन को गुरुवार शाम आमिर खान के परिचितों ने सूचना दी थी कि आमिर खान को कुछ लोगों ने घेरकर मारा है और रॉड से सिर में हमला करने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फिलहाल वह जेके अस्पताल में भर्ती है। उसके पिता नसरुद्दीन खान जेके अस्पताल पहुंचे और परिचितों से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि उसके साथ गेहूंखेड़ा निवासी आशाराम और उसके बेटे अजय, संजय विजय और गुलाबो उर्फ भूरा ने मारपीट की थी।



### सिर में थी गंभीर चोट

आमिर खान के पिता नसरुद्दीन जेके अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि आमिर खान की हालत नाजुक है और उसे बड़े अस्पताल रेफर करना पड़ेगा। लिहाजा आमिर खान को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात आमिर खान की मौत हो गई। पुलिस ने नसरुद्दीन खान की शिकायत पर आशाराम और उसके बेटे अजय, संजय विजय और गुलाबो उर्फ भूरा पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। रात में आमिर खान की मौत के बाद सभी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### दो दिन पहले की थी छेड़छाड़

हत्या की वजह आरोपियों की रिश्तेदार से छेड़छाड़ की बात सामने आई है। बताया जाता है कि दो दिन पहले आमिर खान ने आरोपियों की रिश्तेदार से छेड़छाड़ की थी। इसके बाद से आरोपियों ने आमिर खान को सबक सिखाने की ठान लीड़थी। वे उसे जान से मारना नहीं चाहते थे, लेकिन विवाद के बीच आरोपियों ने रॉड से सिर में बार बार हमला किया और आमिर खान की मौत हो गई। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।

---

# एयरपोर्ट में घुसा मानसिक विक्षिप्त, सीआरपीएफ ने किया पुलिस के हवाले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित ऐयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एक मानसिक विक्षिप्त गेट नंबर एक की तरफ से अंदर घुस गया। सीआरपीएफ के जवानों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पकड़कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि मानसिक विक्षिप्त नसरूल्लागंज (भेरूंदा) से गुमशुदा हो गया था और परिजन उसकी गुमशुदगी भी थाने में दर्ज कर चुके थे। पुलिस के अनुसार कपिल कुमार मौर्य सीआरपीएफ में आरक्षक हैं। उन्होंने गांधी नगर पुलिस को बताया कि आज उनकी सुबह ड्यूटी थी। इसी दौरान उनकी नजर पड़ी तो गेट नंबर एक से एक व्यक्ति अंदर ऐयरपोर्ट में प्रवेश कर चुका था। उन्हें उक्त व्यक्ति पर संदेह हुआ और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

गांधी नगर पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त से पूछताछ की तो पता चला कि भेरूंदा का वह रहने वाला है। भेरूंदा पुलिस से संपर्क कर बुलाया गया तो पुलिस ने बताया कि उक्त हरिओम की गुमशुदगी उसके परिजन ने थाने में दर्ज कराई थी। वह दो तीन दिनों से लापता था।

### ट्रक का एक्सीडेंट हुआ




**भोपाल।** भोपाल के गांधीनगर बायपास पर एचपी गैस के ट्रक ने पीछे से दूसरे ट्रक को टक्कर मार दी।

---

# वीआईपी रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अभय सिंह पिता पृथ्वी सिंह (22) सुरेंद्र पैलेश बागसेवनिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बुधवार रात करीब 12 बजे बाइक से वीआईपी रोड से घर लौट रहा था, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया था। अस्पताल में इलाज के दौरान कल गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी में कांच की खिड़की फिट करते समय झूला टूटने से एक मजदूर सेकंड फ्लोर से नीचे गिर गया। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान कल सुबह युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि रंजीत ठाकुर पिता भगवान ठाकुर (24) पानी की टंकी के पास शंकर नगर छोला में रहता था और मजदूरी करता था। उसका काम बीडीए क्वार्टर कोहेफिजा में चल रहाथा। 3 अक्टूबर मंगलवार दोपहर वह सेकंड फ्लोर की दीवार पर झूला लगाकर खिड़की में कांच फिट कर रहा था, तभी झूला टूटने से नीचे गिर गया। साथी मजदूर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान कल दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण रंजीत के सिर की हड्डी टूट गई थी।




### बाइक टकराई नाबालिग समेत युवक की मौत, दो गंभीर

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मिलेनियमम कॉलेज के पीछे गुरुवार शाम दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में नाबालिग समेत युवक की मौत हो गई, जबकि उनके दो साथियों को गंभीर चोट आई है। हादसे में एक युवक का पैर बुरी तरह से डैमेज हुआ है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि हादसे के समय दोनों ही बाइक के चालक स्पीड मेंड़थे और अंधेरा होने के कारण हादसा हो गया। प्रधान आरक्षक नावेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शुभम मेहरा पिता बाबूलाल मेहरा (20) गांव मुगालिया छाप रातीबड़ में रहता था। इसी इलाके में बीएनएस कॉलेज के पास झुग्गी निवासी सगार पटेल पिता रमेश पटेल (17) रहता था। दोनों अपनी अपनी बाइक से कल शाम घर से निकले थे। इस दौरान मिलेनियम कॉलेज के सामने दोनों की बाइक में आमने सामने की भिडंत हो गई। इस हादसे में बाइक पर बैठे 15 साल के रंजन के सिर में गंभीर चोट आई है।

---

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमलानगर के सुदामा नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह देर रात दोस्त की बर्थडे पार्टी से घर लौटा था। गुरुवार सुबह वह घर के दरवाजे के पास मृत हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

पुलिस का कहना है कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर निवासी कुणाल शाक्य (31) प्राइवेट काम करता था। वह यहां अपनी पत्नी के साथ रहता था। पत्नी दो-तीन दिन से स्टेशन बजरिया स्थित मायके गई हुई थी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे कुणाल शाक्य अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी मनाकर घर लौटा था। गुरुवार सुबह उसके चाचा का लड़का घर पहुंचा तो कुणाल को मृत हालत में दरवाजे के पास पड़ा देखा। दरवाजा भीतर से बंद नहीं था। उसके उतारे हुए कपड़े आसपास पड़े थे। सिर के पीछे चोट का निशान था। एएसआई जगदीश रावत का कहना है कि संभवतः गिरने से सिर में आई चोट के कारण मौत हो सकती है।



---

**मेट्रो एंकर** | **न्यायालय ने आरोपी पर 6 हजार का जुर्माना लगाया**

# नाबालिग से गलत हरकत वाले आरोपी को 5 साल की जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 5 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 6 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। विशेष न्याड़यालय पॉक्सो (14वें अपर सत्र न्यायाधीश) तृप्ती पाण्डेय की अदालत ने आरोपी उक्त सजा सुनाई है। लोक अभियोजन के अनुसार, पीड़ित बच्ची ने अपने माता-पिता के साथ कटारा हिल्स थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी 2021 की शाम करीब 05:30 बजे वह घर के पास पार्क मे साईकिल चला रही थी। इस दौरान वहां आरोपी आ गया और उसे पास बुलाया। आरोपी ने उससे पोयम पूछी और अपना मोबाइल चालू कर वीडियो बनाते हुए बुरी नियत से हाथ पकडकर लिया। आरोपी गलत काम करने की कोशिश करने लगा, तभी पीड़िता मदद के लिए चिल्लाई। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता ने पूरी घटना माता-पिता और मौसी को बताई।



---

### प्रदेश के डेढ़ लाख बच्चों ने दी जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड परीक्षा

**भोपाल।** बच्चों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु बाल्यकाल से ही अनुभव कराने के उददेश्य से प्रदेश के सभी जिलों में बनाए गए करीब 2000 केंद्रो पर गुरूवार व शुक्रवार को जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड की परीक्षा का आयोजन किया गया। विकासखण्ड मुख्यालयों पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा दूसरी से आठवीं तक के वह विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होने अपने अपने जनशिक्षा केंद्र के टॉप किया हैं। जिला स्तर की परीक्षा देते इन बच्चों में एक अलग ही उत्साह नजर आया। अधिकारियों के अनुसार , इस परीक्षा में प्रदेश के करीब डेढ़ लाख बच्चे शामिल हो रहे हैं। भोपाल में इसके लिए 4 केंद्र बनाए गए हैं। जहां लगभग 800 बच्चों ने परीक्षा दी। बता दें कि यह व्यवस्था राज्य शिक्षा केन्द्र ने विगत वर्ष से प्रारंभ की है। जिससे बच्चों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु बाल्यकाल से ही अनुभव प्राप्त हो रहा है। इस शैक्षिक ओलम्पियाड़ में कक्षावार विषय निर्धारित किए हैं।

---

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पीटीएम कल

**भोपाल।** समग्र शिक्षा अभियान के अपर संचालक राजीव तोमर ने गुरुवार को स्कूलों की पीटीएम को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार, नवमीं से बारहवीं तक के स्कूलों में सात अक्टूबर को पीटीएम आयोजित की जाएगी। सरकारी स्कूलों में 75 फीसदी से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से शिक्षकों को संपर्क करना अनिवार्य होगा। सात अक्टूबर को पीटीएम संचालित नहीं करने वाले स्कूलों के प्राचार्यो के विरुद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### अभिभावकों से संपर्क करना होगा

लोक शिक्षण संचालनालय ने बोर्ड पैटर्न पर 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा आयोजित की थी। तिमाही परीक्षा का रिजल्ट घोषित हो चुका है। प्रदेश के 9वीं से बारहवीं तक के कई स्कूलों में पीटीएम आयोजित कर अभिभावकों को रिजल्ट बताया है। जिन स्कूलों में पीटीएम आयोजित नहीं की गई, उन्हें अपर संचालक राजीव तोमर ने 7 को पीटीएम संचालित करने के निर्देश दिए है, जिन विद्यार्थियों की स्कूल में 75 फीसदी से कम उपस्थिति है उनके अभिभावकों से जरूर संपर्क करना होगा।

---

### हॉस्टल में भोजन के लिए छात्र परेशान, मानव अधिकार आयोग ने दिए कलेक्टर को जांच के निर्देश

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के रजत नगर स्थित महाविद्यालय अनुसूचित जाति छात्रावास में बजट खत्म होने की वजह से छात्रों को व्यवस्थित भोजन नहीं मिल पाने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने कलेक्टर, को प्रकरण की जॉच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में 7 दिन के भीतर प्रतिवेदन भी मांगा है। वहीं दूसरा मामला शादीशुदा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि नजीराबाद थानाक्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश कुए में मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले में आयोग ने पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) से जांच कराकर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022